# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{26 फाल्गुन, 1936 (श0)}}{\text{17 मार्च, 2015 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 26**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | प्राथमिक शिक्षा विभाग .. .. | 08 |
| (2) | माध्यमिक शिक्षा विभाग .. .. | 11 |
| (3) | अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग .. .. | 01 |
| (4) | उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग .. .. | 01 |
| (5) | उच्च शिक्षा विभाग .. .. | 01 |
| (6) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग .. .. | 01 |
| (7) | समाज कल्याण विभाग .. .. | 03 |
| | कुल योग — | 26 |

निर्माण करना

*70. श्री नरेन्द्र कुमार पांडेय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत तरारी प्रखंड के ग्राम-सेदहाँ के बधार में +2 उच्च विद्यालय अवस्थित है जिसमें चहारदीवारी नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि चहारदीवारी नहीं होने के कारण उक्त विद्यालय चारागाह की तरह हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त +2 उच्च विद्यालय, सेदहाँ के चारों तरफ चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रारंभ करना

*71. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के वीरपुर प्रखंड अन्तर्गत राजकीयकृत गाँधी स्मारक उच्च विद्यालय, नौला में +2 की पढ़ाई की घोषणा 2008 में हुई किन्तु अभीतक उक्त विद्यालय में +2 की पढ़ाई प्रारंभ नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में +2 की पढ़ाई शुरू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*72. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखंड में महुअवाँ पंचायत के सबेयाँ में प्राथमिक मध्य विद्यालय के चहारदीवारी का निर्माण अबतक नहीं होने के कारण छात्र/छात्राओं को काफी कठिनाइयाँ होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं,तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*73. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के चन्दौली में बाबा साहेब भीम राव अम्बेदकर विश्वविद्यालय का अंगीभूत कॉलेज जगन्नाथ सिंह डिग्री कॉलेज है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलेज के चहारदीवारी का निर्माण आजतक नहीं हुआ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जगन्नाथ सिंह डिग्री कॉलेज के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## निर्माण करना

*74. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत +2 जवाहर आदर्श उच्च विद्यालय, मधेपुर के भवन का शिलान्यास माननीय पूर्व मुख्य मंत्री द्वारा जुलाई, 2013 में किया गया था परन्तु आजतक भवन का नींव भी नहीं खोदा गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## विस्तारित करना

*75. श्री आनंदी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फुलसरा तथा धर्मगंज मध्य विद्यालय को तीन वर्ष पूर्व माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित करते हुये इसी अनुरूप पढ़ाई शुरू की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित विद्यालयों के उत्क्रमण के फलस्वरूप वहाँ पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या काफी बढ़ गयी है, जबकि विद्यालय का भवन पहले वाला ही रह जाने के कारण छात्रों को पठन-पाठन में असुविधा हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित विद्यालयों के भवन को विस्तारित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## उत्क्रमित करना

*76. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के पड़री ग्राम में कन्या मध्य विद्यालय है, उक्त कन्या मध्य विद्यालय के 10 कि०मी० के अन्तर्गत कोई कन्या उच्च विद्यालय नहीं है जबकि उक्त कन्या मध्य विद्यालय उच्च विद्यालय के उत्क्रमण हेतु सभी शर्तों को पुरा करता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कन्या मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## कार्रवाई करना

*77. श्रीमती पुनम देवी यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 जनवरी, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''राशि वितरण के दौरान हंगामा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के चमरू शीतल राजकीयकृत उच्च विद्यालय, माड़र के प्रधानाध्यापक मो० महमुल्लाह द्वारा ''मुख्य मंत्री बालक एवं बालिका साइकिल योजना'' एवं ''मुख्य मंत्री बालिका पोशाक योजना'' अन्तर्गत राशि के वितरण के पूर्व प्रत्येक छात्र एवं छात्रा से 20 रु० परिचय-पत्र के नाम पर, 50 रु० पोशाक राशि के रसीद के नाम पर तथा 100 रु० साइकिल के रसीद के नाम पर कुल 900 छात्र छात्राओं से 1 लाख 53 हजार रुपये वसूली कर अनियमितता की गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रधानाध्यापक द्वारा अनियमितता करने के लिये उनपर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्थापित करना

*78. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अंतर्गत मनोहरपुर ग्राम पंचायत के जगवाटी गाँव के वार्ड सं0 7 में आँगनबाड़ी केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ आँगनबाड़ी केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विचार करना

*79. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बीरपुर प्रखण्ड अंतर्गत डीह पंचायत में उच्च विद्यालय नहीं होने के कारण वहाँ के छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में स्थित मध्य विद्यालय, डीह को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय में परिणत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जीर्णोद्धार करना

*80. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर प्रखण्ड के अंतर्गत डुमरावा नगर वार्ड पंचायत के पापहरणी तालाब में शराब फैक्ट्री का दूषित पानी गिरता है जिससे गाँव के नागरिकों को नहाने एवं मवेशियों को पानी पीने में काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तालाब के जीर्णोद्धार हेतु 87 लाख रुपया, छठ व्रतियों को पूजा-अर्चना एवं तालाब में जीर्ण-शीर्ण सिढ़ियों का पुनर्निर्माण हेतु नगर विकास द्वारा वर्ष 2014-15 में आवंटित किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शराब फैक्ट्री को बंद करने, दूषित जल को शुद्ध कराने तथा तालाब का जीर्णोद्धार का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण करना

*81. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखण्ड में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पचलख एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मई के भवन निर्माण कराने की राशि उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के पास भवन बनाने के लिये पर्याप्त जमीन नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पचलख एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मई के भवन निर्माण के लिये जमीन उपलब्ध कराकर विद्यालय का भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*82. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0)) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड पीरो के ग्राम पंचरूखिया में 1943 ई0 से मध्य विद्यालय है जिसके 13 से 15 कि0मी0 की दूरी पर उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय उच्च माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित होने की सारी शर्तों को पूरा करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, पंचरूखिया को उच्च माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण करना

*83. श्री छोटेलाल राय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड दरियापुर के 1. सर्वोदय उच्च विद्यालय, मस्तीचक हरिनगर, 2. रहमत उच्च विद्यालय, मस्तीचक, 3. 10+2 उच्च विद्यालय, खानपुर, 4. रघुनाथ जगनाथ उच्च विद्यालय, विश्वम्भरपुर का भवन जर्जर है, जिससे पठन-पाठन में काफी दिक्कत होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापन करना

*84. डॉ0 अच्युतानन्द--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार प्रखण्ड अंतर्गत बासुदेवपुर चण्डेल उच्च विद्यालय, चमरहरा उच्च विद्यालय तथा हसनपुर उच्च विद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में काफी कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त विद्यालयों में शिक्षकों के पदस्थापन का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण पूर्ण करना

*85. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखण्ड मुख्यालय अन्तर्गत रामरूप उच्च विद्यालय, गोड़ारी में स्टेडियम का निर्माण वर्ष 2009 ई0 में शुरू किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा किये बिना ही संवेदक द्वारा प्रगति प्रतिवेदन में कार्य को पूर्ण दिखाकर एक वर्ष पूर्व ही पूरा राशि आहरित कर लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रोन्नति देना

*86. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समाज कल्याण विभाग के अधिसूचना सं० 1076, दिनांक 3 मई, 2005 द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के स्वीकृत पद का 25 प्रतिशत पद महिला पर्यवेक्षिका संवर्ग से प्रोन्नति के माध्यम से भरने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विभागीय प्रावधान के आलोक में वर्ष 2008-09 में कुल 132 महिला पर्यवेक्षिकाओं की प्रोन्नति बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पद पर हुई थी;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त 132 प्रोन्नति बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों में से सेवानिवृत्ति एवं मृत्यु के कारण बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का 38 पद रिक्त है, जिसे नियमानुसार महिला पर्यवेक्षिका संवर्ग में से प्रोन्नति के माध्यम से भरा जाना है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को महिला पर्यवेक्षिकाओं में से प्रोन्नति के माध्यम से भरने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*87. श्री विक्रम कुँवर—दिनांक 27 दिसम्बर, 2014 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''लाखों खर्च कर हुई थी मूल्यांकन परीक्षा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सर्व-शिक्षा अभियान के तहत कक्षा तीन, पाँच और सात के छात्रों की मूल्यांकन परीक्षा की कॉपियों का पटना छोड़कर किसी जिले में अबतक मूल्यांकन नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मूल्यांकन का जिम्मा विभिन्न जिलों के कई एन०जी०ओ० को सौंपा गया था लेकिन अबतक करीब 36 जिलों में मूल्यांकन नहीं हो सका है, जिसके चलते अबतक रिजल्ट जारी नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि आवंटित करना

*88. श्री रत्नेश सादा—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के अंतर्गत मंगवार पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय, मंगवार को वर्ष 2010 से 2014 तक पोशाक मद एवं छात्रवृत्ति मद में राशि आवंटित नहीं होने के कारण छात्र एवं छात्रा उक्त लाभ से वंचित हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसकी जाँच करवाकर उक्त विद्यालय को वर्ष 2010-14 तक राशि आवंटित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ठोस उपाय करना

*89. श्री तार किशोर प्रसाद—दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 जनवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''62 फीसदी बच्चे सुविधा से वंचित'' के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने आँगनबाड़ी केन्द्र के जरिये 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विद्यालय पूर्व शिक्षा देने की व्यवस्था की है;

(2) क्या यह बात सही है कि ''चाईल्ड राईट्स एण्ड यू'' द्वारा 20 जिलों के 200 आँगनबाड़ी केन्द्रों पर किये गये सर्वेक्षण के अनुसार मात्र 38 प्रतिशत बच्चे की पहुँच आँगनबाड़ी केन्द्र तक हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष बच्चों को आँगनबाड़ी केन्द्र तक पहुँचाने के लिये ठोस उपाय करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*90. श्री विक्रम कुँवर—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में सीवान जिले को मध्याह्न भोजन योजना हेतु प्रदत्त खाद्यान्न आवंटन के विरुद्ध कुल 88.63 क्वींटल खाद्यान्न के सड़ जाने के संबंध में बिहार राज्य मध्याह्न योजना निदेशालय से एक चार सदस्यीय जाँच दल का गठन किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि जाँच दल द्वारा दिनांक 26 फरवरी, 2013 तक जाँच प्रतिवेदन निदेशक मध्याह्न भोजन योजना को देने का निदेश दिया गया था, जबकि आजतक जाँच प्रतिवेदन निदेशक को प्राप्त नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच प्रतिवेदन नहीं सौंपने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*91. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में महादलित एवं दलित छात्राओं के लिये विभिन्न जिलों में अवस्थित 80 आवासीय उच्च विद्यालय है;

(2) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हिलसा, कराय परशुराय, परवलपुर एवं थरथरी प्रखंडों में महादलित एवं दलित छात्र-छात्राओं के लिये अबतक आवासीय उच्च विद्यालय नहीं खोला गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में दलित एवं महादलित छात्र-छात्राओं के लिये आवासीय उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*92. श्री जवाहर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर में संत शिवानंद मध्य विद्यालय, किला में गुरुमुखी मध्य विद्यालय, सपुल्लागंज, मध्य विद्यालय, भटीहरा टोला एवं मध्य विद्यालय, दलेलगंज सहित चार-चार विद्यालय एक ही भवन में चलाये जा रहे हैं जिसके कारण सभी छात्र एवं छात्राओं का पढ़ाई प्रभावित हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि चार विद्यालयों में से तीन विद्यालय का अपना भवन नहीं होने के कारण विद्यालय के सभी काम-काज में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चार में से तीन विद्यालयों के अपने भवन निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*93. श्रीमती पुनम देवी यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत मानसी प्रखंड के जनता इंटर विद्यालय को वर्ष 2007-08 में 10+2 में परिणत किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक न प्लस टू भवन का निर्माण हो सका है और न ही लैब की व्यवस्था की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त इंटर विद्यालय में माप-दंड के अनुरूप भवन तथा लैब का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*94. श्री जवाहर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम के मुहल्ला लशकरीगंज में महिला शिक्षण/प्रशिक्षण केन्द्र काफी दिनों से चलती है, जिसका भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त महिला प्रशिक्षण केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

समाप्त करना

*95. डॉ० दाउद अली—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के सरकारी स्कूलों में छात्रों को पोषाक राशि एवं साइकिल राशि का भुगतान के पूर्व छात्रों को रसीद उपलब्ध कराने की बाध्यता के कारण किसी भी दुकान से छात्र रसीद प्राप्ति हेतु 200-250 रुपये तक नगद भुगतान करके रसीद प्राप्त करते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार बिहार राज्य के सरकारी स्कूलों में पोषाक एवं साइकिल राशि के भुगतान के पूर्व छात्रों को विद्यालय में रसीद उपलब्ध कराने की बाध्यता को समाप्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना:
दिनांक 17 मार्च, 2015 (ई०) ।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

---

बि०स०मु० (एल०ए०), 150 डी०टी०पी०-450